प्रेस नोट थाना सेहरामऊ दक्षिणी

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनाँक – 04.05.2026

थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मारपीट, गंभीर चोट एवं जान से मारने की धमकी के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष थाना सेहरामऊ दक्षिणी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 18.04.2026 को वादी श्री मनीराम पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम मियांपुर गौटिया थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र संदीप के साथ मारपीट कर तालाब में फेंक देने, जान से मारने की धमकी देने तथा मारपीट के दौरान सिर में गंभीर चोट पहुंचाने के संबंध में आरोप लगाया गया, जिसके आधार पर थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर मु0अ0सं0 110/2026 धारा 109(1)/115(2)/351(3) बीएनएस बनाम 1. राममूर्ती पुत्र मनीराम निवासी ग्राम मियांपुर गौटिया थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर एवं 2. अवधेश पुत्र शंकर निवासी ग्राम भरगवां थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 सौरव कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही थी। विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्तगण राममूर्ती एवं अवधेश को थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 04.05.2026 को समय करीब 12:20 बजे मियांपुर गौटिया तिराहा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-

1. राममूर्ती पुत्र मनीराम निवासी ग्राम मियांपुर गौटिया थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब- 28 वर्ष।
2. अवधेश पुत्र शंकर निवासी ग्राम भरगवां थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब- 27 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

- ✓ मु0अ0सं0 110/2026 धारा 109(1)/115(2)/351(3) बीएनएस थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का स्थान व समय

- ✓ दिनांक 05.04.2026 समय करीब 12.20 बजे मियांपुर गौटिया तिराहा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 श्री सौरव कुमार थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 श्री हरिओम सिंह थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर।
3. का0 सूरज पाल सिंह थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर।